आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 11.02.2026 समय : 1905

<><><><><><>

- विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर संसद में भ्रामक बयानबाजी देने का आरोप लगाते हुए सरकार ने विशेषाधिकार नोटिस लाने की घोषणा की।
- अविश्वास प्रस्ताव के बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने निर्णय आने तक सदन की कार्यवाही से दूर रहने का नैतिक फैसला लिया।
- द्वीप समूह में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को एल्बेन्डाजोल की दवा वितरित की गई।
- राजधानी श्री विजयपुरम में चौदह फरवरी से शुरू हो रहे दो दिवसीय पी एम विश्वकर्मा प्रदर्शनी और व्यापार मेला में शिल्प, व्यापार, संस्कृति और उद्यमिता का अदभुत संगम देखने को मिलेगा।

<><><><><><>

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि लोकसभा में बजट पर चर्चा के दौरान आधारहीन बयान देकर सदन को गुमराह करने के आरोप में सरकार, राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार नोटिस भेजेगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निराधार और झूठे आरोप लगाए हैं। श्री रिजिजू ने पूछा कि राहुल गांधी ने बिना किसी पूर्व सूचना के किस आधार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। श्री रिजिजू ने कहा कि उन्होंने राहुल गांधी से सदन में दिए गए अपने बयानों को प्रमाणित करने का अनुरोध किया है। उन्होंने बिना किसी पूर्व सूचना के मंत्री हरदीप सिंह पुरी पर आरोप लगाने के लिए भी राहुल गांधी की आलोचना की। श्री रिजिजू ने कहा कि यह विशेषाधिकार का गंभीर उल्लंघन है और सरकार अध्यक्ष को आवश्यक नोटिस भेजेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष के नेता ने बजट पर चर्चा में कोई उपयोगी और ठोस योगदान नहीं दिया। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारत–अमरीका व्यापार समझौते पर राहुल गांधी के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए आश्वासन दिया कि सभी निर्णय किसानों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए लिए गए हैं और उनके हितों की रक्षा की गई है।

<><><><><><>

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नैतिक आधार पर यह निर्णय लिया है कि वे विपक्ष द्वारा उनके विरुद्ध लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर निर्णय होने तक सदन की कार्यवाही में शामिल नहीं होंगे। कल विपक्ष ने श्री बिरला के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया, जिसे लोकसभा के महासचिव को सौंपा गया है। लोकसभा सचिवालय सूत्रों के अनुसार, इस नोटिस की नियमों के अनुसार जांच होगी और आगे की कार्रवाई की जाएगी। महासचिव को सौंपे गए इस नोटिस पर कांग्रेस, डीएमके, समाजवादी पार्टी, आरजेडी और वामपंथी दलों सहित विपक्षी दलों के एक

सौ अठारह सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं, जबकि तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने इस नोटिस पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान के श्री विजयपुरम में युवा मंडल विकास अभियान कार्यक्रम के तहत युवाओं के लिए प्रशिक्षण और ब्रीफिंग सत्र का आयोजन आज अंडमान महिला मंडल में किया गया। यह कार्यक्रम कल से 16 फरवरी तक पूरे दक्षिण अंडमान जिले में चलाए जाने वाले अभियान की तैयारी के लिए आयोजित किया गया। अभियान का उद्देश्य सभी युवा क्लबों और उनके सदस्यों का MY Bharat पोर्टल पर पंजीकरण सुनिश्चित करना, जिले स्तर पर डिजिटल डेटाबेस तैयार करना और सभी समुदायों के युवाओं की समावेशी भागीदारी को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर MY Bharat के संयुक्त निदेशक सुख रंजन बिस्वास ने युवाओं की सक्रिय भागीदारी के महत्व पर जोर दिया।

<><><><><><>

द्वीप समूह में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस आज सभी सरकारी और निजी विद्यालयों तथा आंगनवाड़ी केंद्रों में मनाया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य सेवा निदेशालय ने यूटी हेल्थ मिशन के सहयोग से और सामाजिक कल्याण निदेशालय एवं शिक्षा निदेशालय के समन्वय में एक राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया, जो गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सम्मेलन कक्ष में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से एल्बेंडाज़ोल की गोली प्रदान करना था। इस अवसर पर सामाज कल्याण निदेशक रवींद्र कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

<><><><><><>

सरकार द्वारा MSME और अंडमान निकोबार प्रशासन के सहयोग से प्रधानमंत्री विश्वकर्मा प्रदर्शनी–सह–व्यापार मेला का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 14 और 15 फरवरी को गर्ल्स स्कूल में सुबह साढ़े दस बजे से रात साढ़े नौ बजे तक आयोजित होगा। प्रदर्शनी में लाइव विश्वकर्मा शिल्प प्रदर्शन, पारंपरिक और अनोखे हस्तशिल्प उत्पाद, उद्यम पंजीकरण शिविर, और सरकारी योजनाओं एवं पहलों की जानकारी उपलब्ध होगी। इसके अलावा, कार्यक्रम में साक्षरता और जागरूकता सत्र, खरीदार और विक्रेता बैठक, क्विज़ एवं प्रतियोगिताएं, हस्तशिल्प और खाद्य स्टॉल, और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी शामिल हैं। यह प्रदर्शनी पारंपरिक उत्पादों की खरीदारी के लिए एक अद्वितीय अवसर प्रदान करती है और स्थानीय कारीगरों तथा उद्यमियों को अपनी प्रतिभा और उत्पाद प्रदर्शित करने का मंच देती है। कार्यक्रम में प्रवेश निशुल्क है और यह सभी आयु वर्ग के लिए खुला रहेगा।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम के श्री सर्वेश्वर महादेव मंदिर, चिन्मय मिशन, पुलिस लाइन में तीन दिवसीय महाशिवरात्रि उत्सव 13 फरवरी से शुरू होगा। महाशिवरात्रि 15 फरवरी को सुबह 6 बजे गणपति होमम और रुद्राभिषेक के साथ शुरू होगी।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार स्वास्थ्य विभाग ने विभिन्न पदों में एक वर्ष की अवधि के लिए संविदा आधार पर विशेषज्ञों की नियुक्ति के तहत पात्र और अपात्र उम्मीदवारों की सूची प्रकाशित कर दी है। यह सूची प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट और स्वास्थ्य सेवा निदेशालय की वेबसाइट तथा स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है। उम्मीदवारों का ऑनलाइन साक्षात्कार कल और 13 फरवरी को सुबह 10 बजे से स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित किया जाएगा। प्रशासनिक कारणों से टीबी तथा छाती रोग विशेषज्ञ के पद के लिए साक्षात्कार रद्द कर दिया गया है। सभी संबंधित उम्मीदवारों से समय पर साक्षात्कार में शामिल होने को कहा गया है।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार स्वास्थ्य विभाग के तहत संविदात्मक आधार पर एक वर्ष की अवधि के लिए सामान्य ड्यूटी चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति हेतु प्रस्तावित वॉक–इन–इंटरव्यू प्रशासनिक कारणों से स्थगित कर दिया गया है। जी डी एम ओ की रिक्त पदों के लिए नई तिथि अलग से घोषित की जाएगी। संशोधित तिथि की सूचना प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट और स्वास्थ्य सेवा निदेशालय की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी।

<><><><><><>

खेल और युवा मामले विभाग ने हाल ही में आयोजित 10 किलोमीटर मैराथन – 2026 में अपने खिलाड़ियों की उत्कृष्ट उपलब्धि पर बधाई दी है। यह मैराथन 08 फरवरी को विभाग के ANCCI संघ द्वारा आयोजित की गई थी। श्री विजयपुरम के खेलो इंडिया केंद्र के कोच आनंद कुमार ने पुरुषों की 10 किलोमीटर ओपन श्रेणी में दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, खेलो इंडिया के प्रशिक्षु और प्रातरापुर स्कूल के छात्र मास्टर पी. प्रदोष चिन्मय राज ने लड़कों की 10 किलोमीटर श्रेणी में प्रथम स्थान हासिल किया। लड़कियों की 10 किलोमीटर श्रेणी में हॉकी प्रशिक्षणार्थी एवं निर्मला स्कूल की छात्रा विनिता लकड़ा, ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सहायक निदेशक–खेल ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

<><><><><><>